केंद्र ने राज्य में चार हजार करोड़ की योजनाओं की मंजूरी दी : मंत्री

एनएचएआइ की योजनाओं की समीक्षा करते पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन.

संवाददाता, पटना

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने एनएचएआइ और पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों को स्थल निरीक्षण की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा है कि सड़क और पुल निर्माण की समस्याओं की शीघ्र पहचान कर रिपोर्ट दें. ठेकेदारों के साथ नियमित समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों को तय समय पर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में चार हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की मंजूरी दी है. इन सभी परियोजनाओं की मंजूरी मई से अक्तूबर 2025 के बीच मिली है. अन्य योजनाओं की बहुत जल्द मंजूरी मिल जायेगी. मंत्री नितिन नवीन ने यह बातें गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सहित एनएचएआइ की योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहीं. बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस-वे, बाइपास निर्माण व फ्लाइओवर सहित अन्य परियोजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी. बैठक में विभाग के सचिव संदीप आर पुडकलकट्टी व अपर सचिव शैलजा शर्मा समेत एनएचएआइ और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे.